भारत सरकार

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 27

दिनांक 17.07.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निधि

27. डा॰ प्रदीप कुमार बालमुचू:

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड राज्य में चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;
(ख) स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य में शौचालयों के निर्माण हेतु जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या झारखंड सरकार ने केन्द्र सरकार से राज्य में शौचालयों के शीघ्र निर्माण हेतु शेष अनुदान राशि जारी करने का अनुरोध किया है; और
(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शुरूआत 02 अक्टूबर, 2014 को हुई थी, जिसका लक्ष्य 02 अक्टूबर, 2019 तक स्वच्छ भारत की प्राप्ति है। बीपीएल परिवारों और गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल) के चिह्नित लाभार्थियों को शौचालय के निर्माण हेतु 12000 रुपए (राज्य अंश सहित) तक की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त, ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के लिए भी अधिकतम 7/12/15/20 लाख रुपए तक की राशि क्रमश: 150/300/500/500 से अधिक परिवारों वाली ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराई जाती है। झारखंड में एसबीएम (जी) की शुरूआत में दिनांक 02.10.2014 तक स्वच्छता कवरेज 26.53 प्रतिशत था। दिनांक 12.07.2017 तक यह बढ़कर 55.56 प्रतिशत हो गया है। झारखंड में 02.10.2014 को एसबीएम (जी) की शुरूआत से कुल 13,68,702 वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय बनाए गए है। इसके अतिरिक्त, मनरेगा के अंतर्गत 40,688 शौचालय बनाए गए थे। 29,688 गांवों में से अब तक 5,364 (18.07 प्रतिशत) गांवों को खुले में शौच मुक्त घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त, 20 ब्लॉकों और 1 जिले को ओडीएफ घोषित किया गया है।

(ख) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत घटक-वार निधियां जारी नहीं की जाती हैं। तथापि, एसबीएम (जी) के अंतर्गत पिछले 3 वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान झारखंड को जारी निधियां निम्नानुसार हैं :-

क्र.सं.	**वर्ष**	**जारी निधियां (करोड़ रुपयों में)**
1	2014-15	23.05
2	2015-16	97.32
3	2016-17	455.46
4	2017-18 (12.7.2017 तक)	184.61

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।